समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# अब नहीं होगा ऑनलाइन फ्रॉड! Paytm, GPay, PhonePe यूजर्स के लिए सरकार का बड़ा फैसला।

Publisher

Published on 23 May 2025




## DoT ने लॉन्च किया Financial Fraud Risk Indicator सिस्टम, संदिग्ध मोबाइल नंबरों पर लगेगी तुरंत रोक।

**नई दिल्ली | 24 मई 2025**: डिजिटल पेमेंट जितना सुविधाजनक हुआ है, उतना ही **ऑनलाइन फ्रॉड** का खतरा भी बढ़ा है। अब इस खतरे पर लगाम लगाने के लिए भारत सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। **टेलीकॉम विभाग (DoT)** ने **Financial Fraud Risk Indicator (FRI)** नाम से एक नई साइबर सुरक्षा प्रणाली शुरू की है।

इस प्रणाली का उद्देश्य है— संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पहचान कर उन्हें समय रहते ब्लॉक करना, ताकि **डिजिटल** लेनदेन में धोखाधड़ी से बचा जा सके।

**FRI सिस्टम क्या है और कैसे काम करेगा?**
FRI यानी **Financial Fraud Risk Indicator** एक **रियल टाइम डिजिटल अलर्ट सिस्टम** है। जैसे ही कोई संदिग्ध मोबाइल नंबर किसी बैंकिंग या **UPI ट्रांजेक्शन** में शामिल होता है, यह सिस्टम उस नंबर को तुरंत फ्लैग कर देगा और संबंधित बैंक या ऐप को अलर्ट कर देगा।

इन ऐप्स को मिलेगा सीधा लाभ:

**Paytm**
**Google Pay**

**PhonePe**

**BHIM**

अन्य नॉन-बैंकिंग फिनटेक प्लेटफॉर्म्स

किस प्रकार के नंबर **FRI** के रडार पर आएंगे ?

१. जिन मोबाइल नंबरों से पहले **फ्रॉड** की शिकायतें मिली हैं

२. जो **KYC वेरिफिकेशन** पूरा नहीं करते

३. बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले नंबर

४. जिनमें संदिग्ध **डिजिटल** गतिविधियाँ दिखती हैं

५. इन नंबरों को ब्लॉक या सीमित किया जा सकता है।

**क्यों जरूरी है यह सिस्टम ?**

भारत में **डिजिटल पेमेंट** का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ साइबर क्राइम के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुके हैं। **FRI** सिस्टम:

१. आम यूजर्स को **फ्रॉड** से बचाएगा

२. **डिजिटल ट्रांजेक्शन** में लोगों का भरोसा बढ़ाएगा

३. **साइबर सुरक्षा** को मजबूती देगा

**UPI यूजर्स** के लिए क्या जरूरी है ?

१. अपने मोबाइल नंबर और **UPI** ऐप को हमेशा **वेरिफाई** रखें.

२. किसी **अनजान कॉल, मैसेज** या **लिंक पर क्लिक** न करें.

३. कोई भी संदेहास्पद **गतिविधि** होने पर तुरंत बैंक को सूचना दें.

४. सरकार की यह पहल भारत को **सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम** की ओर ले जा रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.